
### एक नजर में

## सानंद मराठी समूहगीत स्पर्धा 27 जुलाई को


स्पर्धा संयोजक-सुमंगली पोतदार

**इन्दौर.** बदलते परिवेश में बच्चों में अपनी मातृभाषा के प्रति रूझान बढ़ाने के उद्देश्य से सानंद न्यास के उपक्रम फुलोरा के तहत 22वीं सानंद मराठी समूहगीत स्पर्धा आगामी 27 जुलाई प्रात: 9 बजे से देवी अहिल्या विश्वविद्यालय सभागृह में आयोजित की गई है. सानंद न्यास के अध्यक्ष जयंत भिसे एवं मानद् सचिव संजीव वावीकर ने बताया कि स्पर्धा की सफलता के लिये सौ. सुमंगली पोतदार को संयोजक एवं सानंद मित्र कुणाल पुडंलिक को संहसंयोजक मनोनीत किया गया. बदलती सामाजिक परिस्थितियों में नई पीढ़ी के बच्चों का अपनी मातृभाषा एवं संस्कृति के प्रति रूझान लगातार कम होता जा रहा है, ऐसी स्थिति में बाल एवं तरूणों की अपनी भाषा एवं संस्कृति के प्रति अभिरूचि बढ़ाने के लिये मराठी समूहगीत स्पर्धा एक सशक्त माध्यम सिद्ध हो रहा है. नगर के विभिन्न क्षेत्रों एवं संस्थाओं के माध्यम से 45 समूहों के लगभग 900 से अधिक बाल एवं तरूण समूह स्वयंस्फूर्त होकर स्पर्धा में भाग लेने हेतु तैयारियां कर रहे है. आयोजन बाल गट, तथा तरूण गट एवं महाविद्यालयीन गट ऐसे तीन समूहों में होगा और इसमें अलग-अलग क्षेत्र, संस्था एवं विद्यालयों के कई उभरते कलाकार सहभागी होंगे.

## वाओ ग्रुप ने सुखमणि साहेब का पाठ कराया



**इंदौर.** शहर के वाओ- वर्ल्ड ऑफ वूमन ग्रुप द्वारा श्रावण के पावन महिने में मेंबर्स के साथ मिलकर गुरुद्वारे में सुखमणि साहेब का पाठ कराया गया. ग्रुप की फाउंडर सुरुचि मलहोत्रा ने बताया कि ग्रुप द्वारा हर वर्ष यह आयोजन कराया जाता है. हम हर फेस्टिवल मिलकर मनाते है. हमारे ग्रुप के हर धर्म के लोग शामिल हैं. हम सब मिलकर त्योहारों को मनाते है. इसी कड़ी में सावन के महीने में गुरुद्वारा में सुखमणि साहेब के पाठ के साथ लंगर भी किया गया. पाठ कराने का उद्देश्य पर्याप्त वर्षा के साथ शांति और सभी ओर परिवार में सुख समृद्धि के लिए किया गया. वहीं सभी मेंबर्स ने मिल कर लंगर में भोजन भी अपने हाथो से बनाया खास बात यह रही की मेंबर्स के साथ ही बच्चो ने भी इस धर्म कार्य में अपना सहयोग दीया. कोई चप्पल जूते जमा रहा था तो कोई लंगर बरता रहा था. साथ ही भोजन की थाली भी अपने हाथों से साफ की. गुरु की सेवा नि:स्वार्थ भाव से करने में सभी को खुशी मिली और सभी ने दिल से इस कार्य को किया और लंगर बरताया.

## शरीर को नहीं अंतरआत्मा को देखो




**इंदौर.** महावीर भवन इमली बाजार स्थानक की धर्मसभा में उप प्रवर्तक श्रुति मुनि महारजा ने कहा कि आज व्यक्ति भौतिक चकाचैंध में ही रहा है. यह चकाचौंध क्षणिक है. जब तक व्यक्ति धर्म से नहीं जुड़ता और धनवान बनने के लिये वह चकाचौंध की अंधी दौड़ में दौड़ता रहता है जिसका अन्त नहीं है. लक्ष्मी भाग्य से मिलती है. श्रुति मुनि महाराज ने कहा कि आत्मा है तो शरीर है और शरीर है तो आत्मा है. भौतिकता से बाहर निकल कर आत्मा को पहचानना होगा. अन्तर आत्मा में अपने आप को देखना होगा. अपने भाग्य को भी पहचानना होगा. परमात्मा कहते है जो भाग्य में होगा वह कही नहीं जायेगा. धर्मवान और कर्मवान व्यक्ति पर लक्ष्मी सदा प्रसन्न रहती है. आपने कहा कि लक्ष्मी का सदुउपयोग करने से दान देने से और इमानदारी से लक्ष्मी को प्राप्त करने वाला लक्ष्मीपति कहलाता है. धर्म सभा संचालन प्रकाष भटेवरा ने किया.

## नम्रता का इंदौर आगमन पर स्वागत



**इंदौर.** एकलव्य अवॉर्डी नम्रता के कोच सोनू जाटव ने बताया कि हाल ही में मॉस्को रशिया में वूशू में भारत देश के लिए स्वर्ण पदक एवं जिलिंग चाइना में वूशू एशिया कप में कांस्य पदक जीतने वाली इंदौर की बेटी नम्रता बत्रा का इन्दौर आने पर सेंट मेरी चैम्पियन स्कूल के प्राचार्य विक्टर स्वामी, सोनू जाटव, गौतम लश्करी, नकुल सेंडों, विजय पोरवाल, पंकज श्रीवास्तव, नवीन गौड, गुलाब सिंह चौहान, श्रीकांत अटवाल द्वारा भव्य स्वागत किया गया.

## डॉ. कुमार को एफआरसीएस फेलोशिप सम्मान

**इंदौर.** शहर के स्पाइन सर्जरी कन्सलटंट डॉ. प्रणव कुमार को चिकित्सा क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित फेलोशिप से सम्मानित किया गया है. यह सम्मान उन्हें हाल ही में आयोजित एक राजनयिक समारोह के दौरान इंग्लैंड के रॉयल कॉलेज ऑफ सर्जन्स द्वारा प्रदान किया गया. यह फेलोशिप – फेलो ऑफ रॉयल कॉलेज ऑफ सर्जन्स (एफआरसीएस)- ऑर्थोपेडिक्स क्षेत्र में कार्यरत उन सर्जन्स को प्रदान की जाती है, जिन्होंने कठोर प्रशिक्षण और उच्च स्तरीय परीक्षा उत्तीर्ण कर अपने विशेषज्ञता के क्षेत्र में उत्कृष्टता सिद्ध की हो. यह परीक्षा यूनाइटेड किंगडम में आयोजित होती है और इसे दुनिया की सबसे चुनौतीपूर्ण चिकित्सा परीक्षाओं में से एक माना जाता है.



## एक दिन में 20 टन सीबीज़ी का उत्पादन

**इंदौर.** भारत के रिन्यूएबलएनर्जीक्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि की राह में, एवरएनवायरो रिसोर्स मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड जो की देश की पहली ऐसी कंपनी बन गई है जिसने सफलतापूर्वक बड़े पैमाने पर सीबीजी (कंप्रेस्ड बायो-गैस) के उत्पादन की सुविधा स्थापित और संचालित की है. इंदौर नगर निगम द्वारा ठोस अपशिष्ट कचरे पर आधारित, एवरएनवायरो का इंदौर प्लांट अब देश का सबसे बड़ा और सर्वाधिक उत्पादक प्लांट बन गया है, जो प्रतिदिन 20 टन सीबीज़ी का उत्पादन कर रहा है और इस क्षेत्र में सर्वाधिक प्लांट लोड फैक्टर (पीएलएफ) हासिल कर रहा है. यह प्लांट इंदौर नगर निगम के सहयोग से स्थापित किया गया था और 2022 में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उद्घाटन किया गया था. इन उपलब्धि पर एवरएनवायरो के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी महेश गिरधर ने कहा यह उपलब्धि शहरी कचरा के चुनौतियों के समाधान हेतु औद्योगिक स्तर पर बायो-एनर्जी समाधानों की व्यवहार्यता को रेखांकित करती है. यह विभिन्न हितधारकों के बीच प्रभावी सहयोग और राष्ट्रीय जलवायु एवं सतत विकास लक्ष्यों के साथ तालमेल को दर्शाती है. इंदौर यह प्रमाणित करता है कि समन्वित, परिणाम-उन्मुखइंफ्रास्ट्रक्चर क्या हासिल कर सकती है.

# मेट्रो का दूसरा लोड टेस्ट 15 अगस्त तक

## स्टेशनों पर इंट्री एक्जिट का काम अंतिम चरण में



नव भारत न्यूज

**इंदौर. सुपर कॉरिडोर 3 से रोबोट चौराहे तक मेट्रो रेल का दूसरा लोड टेस्ट हो जाएगा. मेट्रो को दिवाली तक गांधी नगर से रोबोट चौराहे तक चलाने की तैयारी अधिकारियों द्वारा की जा रही है. मेट्रो की गांधीनगर से रोबोट चौराहे तक पटरियां बिछाने का काम पूरा हो गया है. साथ ही ट्रेक पर लगातार ट्रॉली रन किया जा रहा है.**

आगामी 15 अगस्त तक मेट्रो रेल के 11 किलोमीटर लंबे हिस्से में दूसरा लोड टेस्ट का करने की तैयारी है. पहला लोड टेस्ट किया जा चुका है. बताया जाता है कि 11 स्टेशन पर फिनिशिंग का काम भी अंतिम दौर में पहुंच गया है. इंट्री एक्जिट और तकनीकी स्टालेशन का काम भी तेजी से चल रहा है. विजय नगर, मेघदूत और एक अन्य स्टेशन पर इंट्री एक्जिट का काम बाकी है, जो निरंतर किया जा रहा है. बाकी स्टेशन का काम अंतिम चरण में है. माना जा रहा है कि गांधीनगर से रोबोट चौराहे तक की 17 किलोमीटर पर दिवाली तक मेट्रो रेल सेवा शुरू हो जाएगी। इसमें 16 स्टेशन पर मेट्रो येलो लाइन ट्रेन रुकेगी.

### अभी 6 किमी के फेरे लगा रही

अभी मेट्रो रेल गांधीनगर से सुपर कॉरिडोर 3 तक कुल पांच स्टेशन कवर कर 6 किलोमीटर के फेरे लगा रही है. कल मेट्रो के महाप्रबंधक कृष्ण चैतन्य इंदौर निरीक्षण करने आ रहे है. रोबोट चौराहे तक चलने के बाद मेट्रो रेल से पूर्वी क्षेत्र का दो तिहाई हिस्सा कवर होगा और मेट्रो यात्रियों की संख्या में इजाफा होगा.

# नगर निगमों में ई-गवर्नेंस का होगा विस्तार

- ई-नगर पालिका 2.0 एवं ऐप के द्वारा जन सुविधाएं देने का प्रयास

नव भारत न्यूज

**इंदौर. नगर निगम ई गवर्नेंस सेवा का विस्तार किया जाएगा. इसके लिए नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने वर्ष 2025-26 में ई-गवर्नेंस-आईटी द्वारा जन सुविधाओं के विस्तार की योजना तैयार की है. नगरीय निकायों में जन सुविधा सेवाओं को ई-नगर पालिका 2.0 पोर्टल एवं मोबाइल एप्लीकेशन के द्वारा संचालित किया जाएगा.** साथ ही नक्शे पास और कॉलोनी विकास अनुमति भी ऑनलाइन सुविधा दी जाएगी. इसके लिए सरकार नगर निगम 3.0 पोर्टल तैयार कर रहा है.

प्रदेश के सभी नगर निगमों को कम्प्यूटरीकृत करके केंद्रीयकृत वेब आधारित ई-नगर पालिका 2.0 पोर्टल संचालित किया जा रहा है. उक्त योजना डिजिटल इंडिया को बढ़ावा देने के साथ पारदर्शी एवं त्वरित जन सुविधा देने के उद्देश्य से संचालित की जा रही है. देश में मध्यप्रदेश ऐसा पहला राज्य है जहां प्रदेश के सभी नगर निगमों को एक सिंगल पोर्टल पर लाया गया है. सभी नगर निगमों को ऑनलाइन नवीन तकनीक से अपग्रेड करने काम चल रहा है.

### एनालिटिल डेशबोर्ड होगा तैयार

नगर निगमों के क्षेत्रों में योजनाबद्ध विकास तथा विभागीय कार्यों की मॉनिटरिंग के लिए रियल टाइम डेशबोर्ड विकसित किया जा रहा है. विभाग की एआई गार्ड योजना में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का प्रयोग करने की योजना तैयार की गई है. ई-गवर्नेंस में जियोग्राफिकल इन्फॉरमेशन सिस्टम (जीआईएस) के संयोजन के साथ शहरी विकास और सेवा विस्तार में आधुनिक पारदर्शी और डेटा संचालित बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है. जीआईएस पोर्टल पर 90 से अधिक महत्वपूर्ण डाटा लेयर्स का प्रयोग कर इसका विकास किया जायेगा. उक्त सुविधाएं एनालिटिल डैशबोर्ड पर ऑनलाइन देखी जा सकती है.

### नगर निगम का नया 3.0 पोर्टल

ऑटोमेटेड बिल्डिंग प्लान अप्रूवल सिस्टम 3.0 पोर्टल (एबीपीएएस) के द्वारा ऑनलाइन भवन अनुज्ञा की सुविधा सभी नगरी पालिकाओं में दी जाएगी. साथ ही कॉलोनी विकास अनुमति भी ऑनलाइन करने की इस साल की योजना में शामिल किया गया है. नगर निगमों में ई-गवर्नेंस एवं आईटी के विस्तार में व्हाट्सएप द्वारा नगर निगम के सभी टैक्स और गैर करों के बिल भुगतान की सुविधा देने का प्रयास किया जाएगा.




# रूठे हुए इंद्र देव को मनाने के लिए छातों का वितरण

नव भारत न्यूज

**इंदौर. रूठे हुए इंद्र देवता को मनाने के लिए अग्रवाल समाज की तरुणाई का प्रतिनिधित्व करने वाली संस्था अग्रसेन यूथ क्लब द्वारा को अग्रसेन चौराहा स्थित अग्रसेन प्रतिमा स्थल पर शहर के श्रमिक एवं मजदूर भाईयों को सुबह 300 छातों का वितरण किया.**

क्लब के अध्यक्ष अंकित गोयल फार्मा, सचिव हितेश गोयल एवं सेवा सहयोगी पंकज सिंघल ने बताया कि इस अवसर पर अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति के पूर्व अध्यक्ष गोविंद सिंघल, अतुल अग्रवाल, संजय बांकड़ा, संदीप गोयल, राजीव बांकड़ा एवं कोषाध्यक्ष सौरभ गोयल की मौजूदगी में 'स्वयं के लिए थोड़ा और समाज के लिए सब कुछ' की भावना से प्रेरित होकर यह सेवाकार्य किया गया. बड़ी संख्या में इस अवसर पर छाता लेने वाले लाभांवितों ने भी इंद्रदेव से इंदौर और मालवांचल में शीघ्र भरपूर वर्षा करने की प्रार्थना की.

# तापमान गिरा मौसम में ठंडक का एहसास

- दिनभर चला रिमझिम बारिश का दौर



नव भारत न्यूज

**इंदौर. आज दिनभर रुक रुक कर बारिश का दौर चला, लेकिन ज्यादा पानी नहीं गिरा. आज दिन भर में आधा इंच बारिश भी नहीं हुई. इसके बावजूद तापमान 6 डिग्री सेल्सियस तक नीचे गिर गया. मौसम में ठंडक का एहसास होने लगा.**

कल से लेकर आज शाम तक इंदौर में सवा इंच बारिश हुई है. आज दिनभर सावन के सेहरे आते रहे और रुक रुक का पीना गिरा, लेकिन तेज बारिश नही हुई. आज दिनभर मौसम में ठंडक महसूस हिंद के साथ तापमान 6 डिग्री सेल्सियस नीचे चला गया. तापमान गिरने और हवा चलने से मौसम में ठंडक का एहसास होने लगा. कल दोपहर 3 से 4.30 तक डेढ़ घंटे अच्छी बारिश ही थी, लेकिन गर्मी और उमस बरकरार थी. आज मौसम ने पलटी मारी, पानी तो कम गिरा लेकिन उमस और गर्मी से राहत जरूर मिल गई. आज तापमान 25.8 डिग्री दर्ज किया गया और हवा में नमी बनी हुई है. रात को बारिश होने के संभावना जताई गई है.

# युवा अवस्था में बढ़ रहे ब्रेन ट्यूमर के मामले

- ब्रेन हेल्थ को लेकर जागरूकता जरूरी



नवभारत न्यूज

**इंदौर. पहले ब्रेन ट्यूमर को उम्रदराज लोगों की बीमारी माना जाता था, लेकिन अब यह युवा वर्ग में भी देखा जा रहा है. इसके कारण में समय पर डायग्नोसिस भी शामिल है. अब छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में भी एमआरआई और सीटी स्कैन जैसी सुविधाएं उपलब्ध होने से ब्रेन ट्यूमर जल्दी पहचान में आ रहा है. इसके अलावा प्रदूषण, अनुवांशिक कारण और खराब जीवनशैली भी इसका कारण बन रहे हैं. ब्रेन से जुड़ी बीमारियों के लक्षण समय रहते पहचानना बेहद जरूरी है.**

यह कहना है मेदांता अस्पताल के न्यूरोसाइंसेस के डायरेक्टर डॉ. रजनीश कछारा का. वे विश्व ब्रेन दिवस पर जागरूकता को लेकर चर्चा कर रहे थे. विश्व ब्रेन दिवस हर साल 22 जुलाई को वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ न्यूरोलॉजी की पहल पर मनाया जाता है. इसका उद्देश्य है लोगों को ब्रेन की बीमारियों और समय पर इलाज के महत्व के बारे में जागरूक करना. उन्होंने बताया कि इस वर्ष की थीम है- गुड ब्रेन फॉर आल एजेस यानी हर उम्र में ब्रेन को स्वस्थ रखना जरूरी है. आज के समय में ब्रेन हेल्थ को लेकर जागरूकता बेहद जरूरी है, क्योंकि स्ट्रोक, ब्रेन हेमरेज और ब्रेन ट्यूमर जैसी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं.

उन्होंने कहा कि ब्रेन ट्यूमर के लक्षण धीरे-धीरे सामने आते हैं. बेनाइन ट्यूमर (साधारण ट्यूमर) में कई दिनों तक लक्षण नजर नहीं आते, जबकि कैंसर वाले ट्यूमर के लक्षण 2-3 महीने में दिखाई देने लगते हैं. आज के समय में ब्रेन से जुड़ी बीमारियों का ट्रेंड बदल गया है. सबसे बड़ी समस्या ट्रामा (चोट) है, जो सड़क हादसों में होती है. एक्सीडेंट में ब्रेन को होने वाली चोट से मरीज की जान भी जा सकती है. इसके अलावा ब्रेन हेमरेज, स्ट्रोक और ब्रेन ट्यूमर के मामले बढ़ रहे हैं. हाइपरटेंशन , डायबिटीज और खराब फूड हैबिट्स स्ट्रोक का मुख्य कारण बन रहे हैं. उन्होंने कहा मेदांता में आधुनिक तकनीक से बेहतर इलाज की सुविधा मिल रही है.

### हार्ट अटैक की तरह होता है स्ट्रोक

न्यूरोलॉजिस्ट वरूण कटारिया ने बताया कि स्ट्रोक या ब्रेन अटैक हार्ट अटैक की तरह की एकदम से होता है. इसमें आवश्यक है कि लक्षण दिखते ही तुरंत मरीज को नजदीकी न्यूरोलॉजिकल या न्यूरोसर्जिकल सेंटर ले जाएं. इसमें समय बेहद अहम होता है, 4.5 घंटे के भीतर इलाज शुरू हो जाना चाहिए. डॉ. कछारा के मुताबिक स्ट्रोक में हर मिनट कीमती है. जितनी जल्दी इलाज शुरू होगा, उतनी ही अधिक जान बचने की संभावना होगी. स्ट्रोक के लक्षण है- मुंह टेढ़ा होना, हाथ-पैर सुन्न होना, बोलने में समस्या और नजर धुंधली होना आदि.



# कावड़ यात्रा में धर्म और अध्यात्म का अनूठा संगम

**इंदौर. महेश्वर-मंड लेश्वर से बोल बम के साथ कावड यात्रा निकली. कावड यात्रा में ग्रुप के 50 सदस्य शामिल हुए.**

ग्रुप के शरद तिवारी ने बताया कि इस यात्रा का मकसद धर्म और अध्यात्म के साथ फिटनेस विषय पर भी चर्चा करना था. सभी सदस्यों ने दशहरा मैदान पर पहुँचकर पहले वर्क आउट कर दौड़ लगाई. साथ ही स्वच्छ भारत अभियान पर विस्तार से चर्चा की. इस चर्चा में रुचि, सपना सहित अन्य सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. एक सदस्य ने बताया कि करीब 2 वर्ष पूर्व राकेश विजयवर्गीय को कावड यात्रा में देखकर धर्म के प्रति आस्था और बढ़ गई.

इसके बाद तय किया कि कावड यात्रा में फिटनेस से अधिक धर्म और संस्कृति की चर्चा करेंगे. नितिन नीमा और श्यामली नीमा ने बताया कि इस पदयात्रा में सभी सदस्य महेश्वर-मंडलेश्वर कावड़ में पवित्र जल भरकर निकलते है. इंदौर आगमन पर सभी सदस्यों का स्वागत किया जाता है. रास्ते भर बोल बम के उदघोष लगते है और एक स्वर में सभी सदस्य भजन गाते हुए शामिल होते हैं.




# इंदौर जिला कलारीपयट्टू स्पर्धा संपन्न

नवभारत न्यूज

**इंदौर. गुरु शरण पब्लिक स्कूल लिम्बोदी में इंदौर जिला कलारीपयट्टू प्रतियोगिता संपन्न हुई. प्रतियोगिता में इंदौर जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं क्लब से 250 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया. प्रतियोगिता में 30 से अधिक विद्यालयों ने प्रतिभागीता की.** कार्यक्रम का उद्घाटन मालवा कलारीपयट्टू संघ, मध्य प्रदेश के महासचिव गजेंद्र सिंह राठौर और मुख्य अतिथि घनश्याम करोले द्वारा किया गया.

समापन समारोह में दिनेश परमार मुख्य अतिथि रहे. जीएसआर मार्शल आर्ट्स अकादमी, ने ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि जी.डी. गोयनका पब्लिक स्कूल ने दूसरा और अश्विनी फाइटर्स अकादमी ने तीसरा स्थान हासिल किया. श्रेष्ठ कोच पुरस्कारों की श्रेणी में अभय बडोदिया को 'बेस्ट पुरुष कोच' तथा सलोनी वर्मा को 'बेस्ट महिला कोच' के सम्मान से नवाज़ा गया.

पुरस्कार वितरण समारोह में खिलाड़ियों को पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए. आयोजन की सफलता में गुरु शरण पब्लिक स्कूल के निदेशक जुगनू सर, तथा आयोजन समिति के सदस्य अश्विनी पाल, भरत बाथम एवं यश भगवती, हिमांशु यादव का महत्वपूर्ण योगदान रहा. प्रतियोगिता के समापन पर सचिव अभिषेक वर्मा ने घोषणा की कि इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी आगामी राज्य स्तरीय कलारीपयट्टू प्रतियोगिता में इंदौर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे.

योग शिविर | अखंड परम धाम सेवा समिति के तत्वावधान में युगपुरुष स्वामी परमानंद गिरि के प्रेरक आशीर्वचन

# भारत हिन्दू नहीं, अध्यात्मिक राष्ट्र बनना चाहिए





**इंदौर. यदि देश के हिन्दू ठीक से जाग जाएं तो भारत पूरे विश्व को आध्यात्मिक राष्ट्र बनाने की क्षमता रखता है. अक्सर लोग धर्म के बारे में कहते हैं कि आपस में बैर करना नहीं सिखाता, ऐसा नहीं है. धर्म नहीं अध्यात्म नहीं सिखाता आपस में बैर करना. अध्यात्म सभी विचारों और विवादों के समाधान का केन्द्र है. हिन्दू जिस दिन अध्यात्म को समझ लेंगे, उस दिन सभी समस्याओं का समाधान हो जाएगा. मेरी मान्यता है कि देश को हिन्दू राष्ट्र नहीं, अध्यात्म राष्ट्र बनाना चाहिए.**

ये प्रेरक विचार हैं, राम जन्मभूमि न्यास अयोध्या के न्यासी एवं युगपुरुष स्वामी परमानंद गिरि महाराज के, जो उन्होंने मंगलवार को खंडवा रोड स्थित अखंड परम धाम आश्रम पर आयोजित 29वें ध्यान एवं योग शिविर के दूसरे दिन उपस्थित भक्तों को आशीर्वचन देते हुए व्यक्त किए. शिविर में प्रतिदिन सुबह 7 से 9 बजे तक योग एवं ध्यान शिविर तथा शाम 5 से 7 बजे तक प्रवचन का आयोजन जारी है. आज प्रवचन शुभारंभ के पूर्व आयोजन समिति की ओर से साध्वी चैतन्य सिंधु, तिलकराज ठक्कर, मुकेश राजानी, निरंजन पुरोहित, विष्णु कटारिया, राजेश ढींगरा आदि ने युग पुरुष एवं हरिद्वार से पधारे महामंडलेश्वर स्वामी ज्योतिर्मयानंद, महामंडलेश्वर साध्वी दिव्य चेतना गिरि की अगवानी की.

सुबह के सत्र में युगपुरुष ने देशभर से आए साधकों को योग एवं प्राणायाम की अनेक विधियां बताई. प्रारंभ में समिति के अध्यक्ष किशनलाल पाहवा, श्यामलाल मक्कड़, रामबाबू अग्रवाल, विजय गोयनका आदि ने सभी संतों और भक्तों का स्वागत किया. संचालन किया राजेश रामबाबू अग्रवाल ने एवं आभार माना समन्वयक विजय शादीजा ने.

### आत्मा को समझने का प्रयास जरूरी

शाम को अपने सत्संग में स्वामी परमानंद गिरि ने कहा कि आत्मा को व्यापक माने. आत्मा को समझने का प्रयास जरूरी है. जगत भी वही है, मैं वही हूं और वही मैं भी हूं ङ्क यह भाव हमें समझना होगा. मिट्टी से ही घड़ा बनेगा और मिट्टी से ही मकान बनेगा. यह सारी सृष्टि ब्रह्मा ने बनाई है. जिसने सृष्टि बनाई है, उसके चले जाने के बाद भी सृष्टि चल रही है. इसका मतलब यह नहीं कि बिना भगवान के सृष्टि चल रही है. ताजमहल बनाने वाले चले गए, बनवाने चले गए, जिनकी याद में बना वो चले गए, लेकिन ताजमहल आज भी कायम है. सृष्टि आज भी चल रही है. जिसको जान लेने से मौत भी झूठी हो जाती है, मौत मौत नहीं रहती, यह सृष्टि के आगे जाने की पद्धति है.